MTNL EXECUTIVES' ASSOCIATION
CENTRAL HEAD QUARTERS, NEW DELHI
[Affiliated to National Confederation of Officers' Associations of Central Govt. PSUs (NCOA)]

ALL CORRESPONDENCE TO GENERAL SECRETARY

MTNL MEA EXECUTIVES' ASSOCIATION

V.K.TOMAR
General Secretary
Dy. Secretary General, NCOA
Res.: 239, Ashoka Enclave Part - I
Faridabad-121003 (Haryana)
Off.: 23314320, Fax.: 23311830
(M) 09868133336, (R) 01292277100

Ref. No.: MEA/CHQ/ CMD

DATE: 17-11-14.

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड,
निगम कार्यालय, 9 सीजीओ कॉम्पलेक्स,
लोधी रोड़, नई दिल्ली-110003

20/11/14
अ0 एवं प्र0 नि0 के निजी सचिव
P S to C M D.
M.T.N.L.

विषयः एमटीएनएल में हिन्दी कैडर के वेतनमान व पदोन्नति के अवसरों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर एमटीएनएल में हिन्दी कैडर के विषय में पिछले अनुरोधों के क्रम मे निम्नलिखित बिन्दुओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट किया जाता हैः-

1. महानगर टेलीफोन निगम लि0 01-11-98/2000 में कर्मचारियों/अधिकारियों के विलयन (Absorption) के समय से ही हिन्दी कैडर को अन्य समकक्ष कैडरों से इस प्रकार अलग कर दिया गया कि हिन्दी कैडर के सभी पद एक स्तर नीचे चले गए।
2. महानगर टेलीफोन निगम लि0 के हिन्दी अनुवादक को भारत सरकार के समकक्ष हिन्दी अनुवादकों के तत्कालीन सीडीए वेतनमान 6500-10500 (राजपत्रित समूह "ख") के बराबर वेतनमान न देकर समूह "ग" के एन ई-9 वेतनमान मे रख दिया गया। जबकि समकक्ष कैडर जैसेः- कनिष्ठ दूर संचार अधिकारी, कनिष्ठ लेखा अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता सिविल/विद्युत को 5500/5000 (केन्द्रीय वेतनमान) को 6500-10500 (केन्द्रीय वेतनमान) में अपग्रेड करके एमटीएनएल में कार्यपालक कैडर में रखकर ई-2 वेतनमान दिया गया।
3. सहायक निदेशक (राजभाषा) को सीडीए वेतनमान 8000-13500 के समकक्ष वेतनमान न देकर नीचले पायदान के वेतनमान 6500-10500 के वेतनमान (ई-2 ग्रेड) में डाल दिया गया तथा समकक्ष कैडरों जैसेः- उप मंडल अभियंता/लेखा अधिकारी/सहायक अभियंता (सिविल/विद्युत) को एमटीएनएल में ई-3 वेतनमान दिया गया।
4. इस सबके अतिरिक्त स्थिति यह बन गई कि वर्ष 2009 से पूर्व एमटीएनएल दिल्ली/मुम्बई में तथा निगम कार्यालय मे उपनिदेशक (राजभाषा) के क्रमशः एक-एक पद तथा दिल्ली इकाई के सहायक निदेशक (राजभाषा) के 11 पदों में से सहायक निदेशक (राजभाषा) के 07 पद समाप्त कर दिए गए। जिसके परिणामस्वरूप अनुवादक आज भी 19-20 वर्ष के बाद भी हिन्दी अनुवादक ही हैं तथा सहायक निदेशक (राजभाषा) अब [सहायक प्रबन्धक (रा0भा)] के लिए आगे कोई पदोन्नति के अवसर नहीं बचे है। इस विवरण को सुलभ सन्दर्भ के लिए सारणी रूप मे दिया जा रहा हैः

वर्ष 2009 कटौती से पूर्व की स्थिति				वर्ष 2009 में कटौती के उपरांत स्थिति			
पदनाम/ग्रेड	निगम कार्यालय	दिल्ली इकाई	मुम्बई इकाई	पदनाम/वेतनमान	निगम कार्यालय	दिल्ली इकाई	मुम्बई इकाई
उप निदेशक (रा0भा) समूह "क"	01	01	कोई नहीं	उप प्रबन्धक (रा0भा) ई-3 समूह "ख"	01	00	00
सहायक निदेशक (रा0भा) समूह "ख"	00	11	02	सहायक प्रबन्धक(रा0भा0) ई-2 (समूह "ख")	01	04	05
हिन्दी अनुवादक समूह "ख"	01	16	08	हिन्दी अनुवादक- एनई-09 (समूह "ग)	01	08	05

5. हिन्दी कैडर के अलावा अन्य कैडरों यथा तकनीकी, लेखा, विद्युत/ सिविल एवं आशुलिपिक संवर्ग में पदोन्नति के समुचित अवसर पूर्व की भांति ही उपलब्ध हैं।
6. अब पुनः राजभाषा विभाग ने दिनांक 02-मई-2013 व 21-06-2013 को जारी आदेशों (प्रति संलग्न-अनुलग्नक-1) के माध्यम से सभी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निर्देश दिए हैं, कि राजभाषा कैडर की बेहतर उन्नति के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए उन्हे राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के समकक्ष पदनाम/वेतनमान प्रदान किए जाएं।
7. इस विषय पर एमटीएनएल के निगमीकरण के समय से ही लगातार अनुरोध किया जाता रहा है तथा औचित्य बताया जाता रहा है फिर भी इस कैडर की ओर ध्यान नहीं दिया गया। अतः पुनः निवेदन किया जाता है कि हिन्दी कैडर को भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों जिन्हें दूरसंचार विभाग द्वारा दिनांक 08-05-2013 को पृष्ठांकित भी किया जा चुका है, (प्रति संलग्न-अनुलग्नक-2) के आलोक में भारत सरकार के मानदंडो के समकक्ष वेतनमान तथा पदोन्नति के अवसर उपलब्ध करवाए जाएं।

भवदीय

(वी0के तोमर)
महासचिव, एमटीएनएल एक्जीक्यूटिव एसोशिएशन

दिनांकः 12-11-2014
संलग्नः उपर्युक्त

प्रतिलिपि:-

1 निदेशक (कार्मिक) निगम कार्यालय/निदेशक (वित्त), निगम कार्यालय।
2 कार्यकारी निदेशक, दिल्ली इकाई।
3 कार्यकारी निदेशक, मुम्बई इकाई
4 संयुक्त सचिव (प्रशासन). दूरसंचार विभाग, नई दिल्ली।
5 महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) निगम कार्यालय।
6 निदेशक/उप प्रबन्धक (राजभाषा) दूरसंचार विभाग, संचार भवन नई दिल्ली।